# HINDI CORE (041)

## QP CODE:2/2/2

SECTION-A ....................................................................................................4
1 ....................................................................................................4
2 ....................................................................................................5
SECTION-B ....................................................................................................6
3 ....................................................................................................6
4 ....................................................................................................7
5 ....................................................................................................7
SECTION-C ....................................................................................................8
6 ....................................................................................................8
7 ....................................................................................................9
8 ....................................................................................................9
9 ....................................................................................................10
10 ....................................................................................................10
11 ....................................................................................................11
12 ....................................................................................................11

**अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित उपयोग हेतु**

**सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2026**

**अंक-योजना**

**हिंदी 'आधार' विषय कोड – 302**

**प्रश्न-पत्र कोड-- 2/2/2**

**सामान्य निर्देश:-**

1. **सीबीएसई ने 2026 की परीक्षा से कक्षा XII की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) करने का निर्णय लिया है।**
2. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के उचित आकलन के लिए उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।
3. **मूल्यांकन एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है। इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा-प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है। इस नीति / दस्तावेज को किसी के साथ साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र / वेबसाइट आदि में छापना बोर्ड के विभिन्न नियमों / भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है।**
4. अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह से और निष्ठापूर्वक किया जाए। **मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जाएँ। कक्षा XII में दक्षता-आधारित प्रश्नों का मूल्यांकन करते समय, कृपया दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें और यदि उत्तर अंक-योजना के अनुसार नहीं है, लेकिन परीक्षार्थी द्वारा व्यक्त दक्षता सही है, तो उचित अंक दिए जाएँ।**
5. अंक योजना में उत्तरों के लिए केवल सुझाए गए मूल्य-बिंदु दिए गए हैं। ये केवल दिशानिर्देश हैं और पूर्ण उत्तर नहीं हैं। विद्यार्थी अपने अनुसार अभिव्यक्ति दे सकते हैं और यदि अभिव्यक्ति सही है, तो तदनुसार अंक दिए जाएँ।
6. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। यदि कोई भिन्नता पाई जाती है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद उसे शून्य कर दिया जाना चाहिए। शेष उत्तर पुस्तिकाएँ, जिनका मूल्यांकन किया जाना है, तभी दी जाएँगी जब यह सुनिश्चित हो जाए कि प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के अंकन में कोई महत्वपूर्ण भिन्नता नहीं है।

HOME



HOME

7. परीक्षक सही उत्तर पर सही (√) और गलत उत्तर पर गलत (×) का निशान लगाएँ। परीक्षक द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।
8. यदि किसी प्रश्न के कई भाग हैं, तो कृपया प्रत्येक भाग के लिए OSM पोर्टल के दायीं ओर अंक दें। प्रश्न के विभिन्न भागों के लिए दिए गए अंकों का OSM सिस्टम द्वारा कुल योग किया जाएगा।
9. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो OSM पोर्टल में बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ। इसके अनुपालन में दृढ़ता बरती जाए।
10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।
11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0-80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।
12. **प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना होगा और प्रतिदिन 20 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना होगा (विवरण स्पॉट मूल्यांकन दिशानिर्देशों में दिया गया है)।**
13. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में होती रही हैं-
    - परीक्षार्थी के जिन उत्तरों को सही माना गया है, लेकिन अंक नहीं दिए गए हैं। (सुनिश्चित करें कि सही उत्तर के लिए सही (√) का निशान स्पष्ट रूप से लगा हो। गलत उत्तर के लिए गलत (X) का निशान भी लगा हो।)
    - उत्तर का आधा या आंशिक भाग सही और शेष गलत माना गया, लेकिन इसके लिए कोई अंक नहीं दिए गए हों।
    - उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
    - उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से कम अंक देना।
14. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते समय यदि उत्तर पूरी तरह से गलत पाया जाता है, तो उसे क्रॉस (X) के रूप में चिह्नित किया जाना चाहिए और शून्य (0) अंक दिए जाने चाहिए।
15. **वास्तविक मूल्यांकन शुरू करने से पहले परीक्षकों को स्पॉट मूल्यांकन गाइडलाइन में दिए गए दिशा-निर्देशों से स्वयं को परिचित कर लेना चाहिए।**
16. परीक्षार्थी निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों / अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों / परीक्षकों / समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार ही मूल्यांकन किया जाए।
17. **यदि कोई परीक्षार्थी किसी प्रश्न में दोनों विकल्पों का उत्तर देने का प्रयास करता है जबकि केवल एक ही विकल्प का उत्तर देना अनिवार्य है, तो मूल्यांकनकर्ता दोनों विकल्पों में अंक प्रदान करेगा। सिस्टम दोनों में से उच्चतर अंक को लेगा और दूसरे उत्तर को अनदेखा कर देगा।**
18. **जिन प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास परीक्षार्थी द्वारा नहीं किया गया है, उन प्रश्नों को परीक्षक "NA" (प्रयास नहीं किया गया) अंकित करेगा।**



HOME
HOME
HOME

HOME

**MARKING SCHEME**

**Hindi Core (Subject Code-302)**

**(PAPER CODE : 2/2/2) (Series : S2RPQ)**

**निर्धारित समय-3 घंटे** **अधिकतम अंक-80**

| Q.No. | EXPECTED OUTCOMES/VALUE POINTS | Full Marks | Steps/ Marks |
|---|---|---|---|
| | **खंड – क** (अपठित बोध) | 18 | |
| 1. | अपठित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर : | 8 | |
| | **बहुविकल्पी :** | | |
| (i) | (D) साधनहीन | 1 | Step 1-1 Mark |
| (ii) | (B) बर्फ के नीचे दबकर मर जाना | 1 | Step 1-1 Mark |
| (iii) | (B) सीमित साधन, विशाल लक्ष्य | 1 | Step 1-1 Mark |
| | **वस्तुपरक :** | | |
| (iv) | • साहस के साथ अथक परिश्रम करने वालों को<br>• कष्ट झेलने वालों को<br>• अथक प्रयत्नों के बावजूद स्वप्न पूरे न कर पाने वालों को<br>• लक्ष्य-प्राप्ति के लिए किए गए संघर्षों में अपना जीवन समर्पित करने वालों को<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 1 | Step 1-1 Mark |
| (v) | • जो अपने सीमित साधनों के साथ महान लक्ष्य को प्राप्त करने चले थे।<br>• संसार रूपी सागर की उत्ताल तरंगों के थपेड़ों से संघर्ष करते हुए जिन्होंने अपने जीवन को समर्पित कर दिया। | 2 | Step 1-2 Marks |
| (vi) | • भौतिक उन्नति को महत्त्व देने के कारण<br>• लक्ष्य तक पहुँचने वालों को महत्व देने तथा असफल रहने वालों के प्रयत्नों को अस्वीकार करने के कारण<br>• स्व लाभ की भावना से आत्मकेंद्रित होने के कारण<br>• नींव की ईंट को महत्त्व न देकर, कँगूरे को महत्त्व देने के कारण<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 | Step 1-2 Marks |

HOME



HOME

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (अन्य उचित तर्कपूर्ण बिंदु भी स्वीकार्य) | | |
| **2.** | अपठित गद्यांश पर आधरित प्रश्नों के उत्तर : | **10** | |
| | **बहुविकल्पी :** | | |
| (i) | (B) मूल और तने जैसा | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| (ii) | (D) पारस्परिक तनाव का | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| (iii) | (B) कथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता । | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| | **वस्तुपरक :** | | |
| (iv) | **कौन-**<br>• लेखक (रचनाकार)<br>**क्यों-**<br>• पुस्तक को प्रकाशन से पहचाना जाना न कि लेखक से<br>• लेखक को लेखन का प्रतिफल कम मिलना<br>• लेखक की पहचान प्रकाशक के कारण<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | **1** | **Step 1-½ Mark**<br>**Step 2-½ Mark** |
| (v) | • दोनों साहित्य जगत के लिए उपयोगी<br>• एक के बिना दूसरे का कर्म अधूरा<br>• लेखक कृति का निर्माता, प्रकाशक उसे संपादित कर पाठकों तक पहुँचाने का माध्यम<br>• लेखक के बिना प्रकाशक का अस्तित्व नहीं, प्रकाशक के बिना लेखक की पहचान नहीं<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| (vi) | • एक-दूसरे की भूमिका को समझकर<br>• एक-दूसरे का सम्मान करके<br>• दोनों के बीच सहयोग रखकर<br>• आपसी हितों को ध्यान में रखकर<br>• दोनों के कार्यों को एक-दूसरे से जोड़कर देखना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>(अन्य उचित तर्कपूर्ण बिंदु भी स्वीकार्य) | **2** | **Step 1-2 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (vii) | **कारण :**<br>• लेखक को लगना कि प्रकाशक द्वारा उसका शोषण किया जा रहा है<br>• दोनों द्वारा स्वयं को एक दूसरे की पहचान का कारण मानना<br>• कुछ लोगों द्वारा तनाव को और बढ़ाया जाना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित)<br>**हानि :**<br>• दोनों के बीच तनाव बढ़ना<br>• दोनों का भविष्य प्रभावित होना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 2 | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark** |
| | **खंड – ख**<br>**(अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित)** | **22** | |
| **3.** | **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में अपेक्षित : | **4x2 = 8** | |
| **(i)** | • अखबार या पत्रिका में समाचारों या रिपोर्ट के प्रकाशन के लिए स्वीकार करने की एक निश्चित समय-सीमा<br>• समय-सीमा समाप्त होने के बाद प्रकाशन के लिए कोई सामग्री स्वीकार न होना | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(ii)** | • दृश्य आने से पूर्व एंकर द्वारा खबर के बारे में सीधे-सीधे बताना<br>• दृश्यों के अभाव में रिपोर्टर से मिली जानकारी (कहाँ, क्या, कब और कैसे) के आधार पर एंकर द्वारा दर्शकों तक सूचनाएँ पहुँचाना | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(iii)** | • मानकीकृत हिंदी 'की-बोर्ड' न होना<br>• हिंदी के बेलगाम फ़ौंट<br>• हिंदी की अधिकांश साइटों का न खुलना<br>• डायनमिक फ़ौंट की अनुपलब्धता<br>• प्रशिक्षित पत्रकारों की कमी<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(iv)** | **किसे-**<br>• संपादकीय को<br>**क्यों :**<br>• संपादकीय से अखबार की पहचान<br>• अखबार के संपादक व सहायक संपादकों द्वारा ही लिखा जाना | **2** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark** |

HOME



HOME

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • संपादकीय- संपादक मंडल का विचार, व्यक्ति विशेष का नहीं<br>• संपादकीय के माध्यम से अखबार का किसी घटना, समस्या या मुद्दे के प्रति अपनी राय प्रकट करना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | | |
| **(v)** | • व्यावसायिक रूप से प्रशिक्षित न होने के बावजूद उस विषय में जानकारी और अनुभव के आधार पर अपनी समझ को विकसित करना<br>• उस विषय या क्षेत्र में घटने वाली घटनाओं और मुद्दों की सहज व्याख्या करना<br>• पाठकों के लिए उसका सही आशय स्पष्ट करना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **4.** | किसी एक विषय पर लगभग **120** शब्दों में रचनात्मक लेख :<br>विषय – वस्तु : 4 अंक<br>भाषा : 1 अंक<br>प्रस्तुति : 1 अंक | **6** | **Step 1-4 Marks**<br>**Step 2-1 Mark**<br>**Step 3-1 Mark** |
| **5.** | **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **80** शब्दों में अपेक्षित: | **2x4=8** | |
| **(i)** | • अपने विचारों और दृष्टिकोण को प्रस्तुत एवं पुष्ट करने से<br>• रचनात्मकता और मौलिकता को बढ़ावा देने से<br>• लेखन कौशल और भाषा पर बेहतर पकड़ बनाने से<br>• स्वतंत्र व मौलिक अभिव्यक्ति को अवसर मिलने से<br>• समाज को नए विचारों से अवगत और लाभान्वित कराने से<br>(कोई चार बिंदु अपेक्षित) | **4** | **Step 1-4 Marks** |
| **(ii)** | • नाटक के दृश्यों के संवाद कहानी के मूल संवादों से मेल खाते हों<br>• कथानक के विकास में सहायक हों<br>• संवाद छोटे, प्रभावशाली व बोलचाल की भाषा में हों<br>• संवादों के लिखने का औचित्य स्पष्ट हो<br>• दृश्य की सभी आवश्यकताओं को पूरा करने वाले हों<br>• पात्र, स्थिति एवं रंगमंचीय संकेतों के अनुरूप हों | **4** | **Step 1-4 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (कोई चार बिंदु अपेक्षित) | | |
| **(iii)** | • एकरेखीय माध्यम<br>• श्रोताओं की एकाग्रता और रुचि लंबे समय तक बनाए रखना मुश्किल<br>• अधिक पात्रों को केवल आवाज से पहचानना कठिन<br>• निर्धारित समय पर निश्चित कार्यक्रमों का प्रसारण होना<br>• श्रोताओं के लिए प्रसारित सामग्री की प्रभावशीलता बनाए रखने के लिए<br>(कोई चार बिंदु अपेक्षित) | **4** | **Step 1-4 Marks** |
| | **खंड – ग**<br>**(पाठ्यपुस्तक आरोह तथा वितान पर आधारित प्रश्न)** | **40** | |
| **6.** | काव्य खंड पर आधारित **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में अपेक्षित : | **2x2 = 4** | |
| **(i)** | • बच्चे से जुड़ी प्रत्येक क्रिया में माँ-बच्चे के बीच स्नेह की अभिव्यक्ति<br>• बच्चे को गोद में लेकर दुलारना<br>• हाथों से ऊपर-नीचे उछालना, झूला झुलाना<br>• निर्मल जल से नहलाना<br>• उलझे बाल सुलझाना<br>• घुटनों में लेकर कपड़े पहनाना<br>• दिवाली पर चीनी मिट्टी के जगमगाते खिलौने लाना<br>• घरौंदों में दीपक जलाना<br>• बच्चे की प्रसन्नता में माँ की प्रसन्नता का दिखना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(ii)** | • काली सिल-कालिमा से युक्त आकाश<br>• लाल केसर सूर्य की लालिमा-सिल पर लाल केसर के मलने का भाव<br>• अरुणिम आभा को धारण किए सूर्योदय ऐसा लग रहा है मानो आकाश रुपी काली सिल को किसी लाल केसर से धो दिया हो<br>• प्रात: कालीन भोर का सौंदर्य<br>• प्रकृति का चित्रात्मक वर्णन | **2** | **Step 1-2 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (कोई दो बिंदु अपेक्षित) | | |
| (iii) | **कैसे**<br>• कविता का भाव. रस और सौंदर्य कभी समाप्त न होना<br>• देश और काल से परे होना<br>• पाठकों को हमेशा आनंद देते रहना<br>**उदाहरण -**<br>(कोई भी उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य) | **2** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark** |
| **7** | पठित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उपयुक्त विकल्प : | **5x1 = 5** | |
| **(i)** | (A) बादलों के गरजने का | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(ii)** | (B) क्रांति लाने के लिए | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iii)** | (B) सोई हुई आशाएँ व संभावनाएँ | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iv)** | (D) शोषण रूपी अग्नि के रूप में | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(v)** | (B) युद्ध व क्रांति के लिए प्रेरित करने वाली गर्जना | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **8.** | काव्य खंड पर आधारित **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में अपेक्षित : | **2x3=6** | |
| **(i)** | • कविता शब्दों का खेल और शब्दों के इस खेल में जड़, चेतन, अतीत, वर्तमान और भविष्य सभी का उपकरण मात्र होना<br>• बच्चों के खेल एवं कविता-लेखन में अपने-पराए, ऊँच-नीच, अमीर-गरीब आदि का कोई भेद-भाव न होना<br>• जहाँ रचनात्मकता, वहाँ सीमा के बंधन खुद ब खुद टूट जाना, वह चाहे घर, भाषा या समय की सीमा क्यों न हो | **3** | **Step 1-3 Marks** |
| **(ii)** | • करूणा के मुखौटे में क्रूरता का छिपा होना<br>• मीडियाकर्मी द्वारा करूणा की आड़ में संवेदनशीलता का दिखावा<br>• व्यावसायिक लाभ के लिए कृत्रिम भावुकता एवं आत्मीयता का दिखावा | **3** | **Step 1-3 Marks** |
| **(iii)** | • कवि का स्वाभिमान और निडरता<br>• रामभक्ति में अटूट विश्वास<br>• जाति-पाँति तथा धर्माडंबरों का खंडन<br>• समाज की रूढ़िवादिता पर व्यंग्य<br>• भक्ति-बल से उपजी दृढ़ता | **3** | **Step 1-3 Marks** |

HOME



HOME

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • सांसारिक बंधनों एवं मोह-माया से परे<br>• समन्वयवादी दृष्टिकोण<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | | |
| **9.** | गद्य खंड पर आधारित **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में अपेक्षित: | **2x3 = 6** | |
| **(i)** | • बाज़ार में सभी जाति, धर्म, लिंग एवं क्षेत्र के लोगों का आना<br>• बाज़ार का सभी को समान मानना<br>• बाज़ार द्वारा ग्राहक की क्रयशक्ति देखा जाना<br>• बाज़ार का उद्देश्य सामान बेचना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | **3** | **Step 1-3 Marks** |
| **(ii)** | • भारत पर 'इंडिया' के छा जाने की समस्या<br>• लुट्टन जैसे लोक-कलाकारों को प्रतिष्ठित आसन से उठाकर निरीहता की जमीन पर पटक दिया जाना<br>• विदेशी संस्कृति में रंगकर अपनी संस्कृति को भूल जाना<br>• आधुनिकता के आकर्षण में अपनी लोककला, संस्कृति और पारंपरिक खेलों के प्रति उदासीनता<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | **3** | **Step 1-3 Marks** |
| **(iii)** | **किसे-**<br>• लोगों की रुचि न होने पर भी निर्धारित कार्य को करने के लिए विवश किया जाना<br>**क्यों-**<br>• श्रम विभाजन का आधार जाति-प्रथा<br>• अरूचिपूर्ण कार्य - टालू प्रवृति, गुणवत्तापूर्ण कार्य का न हो पाना<br>• आर्थिक पहलू की दृष्टि से हानिकारक<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **3** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-2 Marks** |
| **10.** | गद्य खंड पर आधारित **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में अपेक्षित: | **2x2 = 4** | |
| **(i)** | • एक प्रकार की लोक आस्था / लोक विश्वास<br>• सूखे में अपने घर का पानी इंदरसेना पर फेंक कर गली में पानी बोना<br>• बीज रूप में पानी देना | **2** | **Step 1-2 Marks** |

HOME



HOME

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • पानी से भरे बादलों की फसल आना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | | |
| **(ii)** | • सेवक-स्वामी-संबंधों में कम होते विश्वास, निष्ठा और कर्मठता के कारण वर्तमान में प्रेरक<br>• भक्तिन की निष्ठा और सेवाभाव अनुकरणीय<br>(अन्य उपयुक्त तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर भी स्वीकार्य) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(iii)** | • शारीरिक वंश परंपरा<br>• सामाजिक उत्तराधिकार अर्थात् सामाजिक परंपरा के रूप में माता-पिता की कल्याण कामना, शिक्षा तथा वैज्ञानिक ज्ञानार्जन आदि, सभी उपलब्धियाँ जिनके कारण सभ्य समाज, जंगली लोगों की अपेक्षा विशिष्टता प्राप्त करता है।<br>• मनुष्य के अपने प्रयत्न<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **11.** | पठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उपयुक्त विकल्प : | **5x1 = 5** | |
| **(i)** | (B) भाव-रसों को अनासक्त रूप से ग्रहण करने की | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(ii)** | (C) बाह्य सौंदर्य के मोह से बचते हुए आंतरिक सौंदर्य को महत्त्व देना। | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iii)** | (B) सूक्ष्म और संपूर्ण | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iv)** | (D) वे स्वयं में अंतिम नहीं होते हैं। | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(v)** | (D) वस्तु/व्यक्ति के भीतरी भाव-सौंदर्य को पहचानना। | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **12.** | 'वितान' पर आधारित **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **100** शब्दों में अपेक्षित : | **2x5=10** | |
| **(i)** | **मानक-**<br>• पत्नी और बच्चों द्वारा अपनाए गए फैशन - हील, सैंडल, बगैर बाँह वाले ब्लाउज, चौड़ी मोहरी की पैंट आदि<br>• आधुनिक जीवन शैली – रसोई के बाहर खाना खाना<br>• पाश्चात्य पारिवारिक दृष्टिकोण<br>• घर में बड़ों को महत्त्व न दिया जाना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | **5** | **Step 1-1 Marks**<br>**Step 2-2 Marks**<br>**Step 3-2 Marks** |

HOME



HOME

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **क्यों** -<br>• किशन दा से प्रभावित<br>• पारंपरिक आदर्शों में विश्वास<br>• आधुनिकता को स्वीकार न कर पाना<br>• नई पीढ़ी से वैचारिक मतभेद<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>**प्रासंगिकता** -<br>• यशोधर बाबू के विचार आज भी प्रासंगिक<br>• समाज में पीढ़ीगत टकराव आज भी<br>• आधुनिकता व परंपरा का द्वंद्व कायम<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | | |
| **(ii)** | **कारण**-<br>• दादा का कठोर स्वभाव<br>• दादा से झिझक और पिटाई का भय<br>• दादा का पढ़ाई के महत्त्व को न समझ पाना<br>• खेती के कामों को दादा द्वारा उचित मानना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>**चुनौतियाँ** -<br>• दादा का स्वभाव, विद्यालय में दाखिला लेना, नए छात्रों के साथ सामंजस्य<br>• परिवार की आर्थिक स्थिति<br>• दादा का पढ़ाई के प्रति रूझान न होना, दादा की शर्तों का पालन करते हुए पढ़ाई करना<br>• गाँव में शिक्षक और विद्यालय की उचित व्यवस्था का अभाव<br>• स्वयं लेखक का डर व संकोच<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | **5** | **Step 1-2 Marks**<br>**Step 2-3 Marks** |
| **(iii)** | • ग्रिड पैटर्न पर आधारित शहरी नियोजन<br>• जल निकासी की उत्कृष्ट व्यवस्था<br>• पकी ईटों से निर्मित मानकीकृत घर<br>• सार्वजनिक स्नानघर<br>• अनाज के भंडार | **5** | **Step 1-5 Marks** |

HOME



HOME

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • स्वच्छता पर बल<br>• जल-प्रबंध की कुशल प्रणाली<br>• खुली, चौड़ी सड़कें, धरती की सतह से थोड़ा ऊँचा नगर नियोजन<br>(कोई पाँच बिंदु अपेक्षित) | | |

HOME



HOME